प्रेस नोट

दिनांक 21.07.2024

नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला का आयोजन-

01 जुलाई 2024 को भारत में लागू हुए नए कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करने और पुलिस अधिकारियों को अपडेट करने के उद्देश्य से आज दिनांक 21.07.2024 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार जनपद हमीरपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जनपद के समस्त थानों से चिन्हित उन विवेचकों/अधिकारियों को प्रशिक्षित करना है, जो त्रृटिवश पुलिस कार्रवाई/ विवेचना में पुराने कानून की धाराओं का उपयोग कर लेते हैं। क्षेत्राधिकारी सदर व जनपद के अभियोजक अधिकारियों के द्वारा कार्यशाला में नए कानूनों के प्रावधानों पर विशेष ध्यान देकर भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 और उन्हें सही तरीके से लागू करने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।